साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech
RNI. NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया
YP24 NEWS
जिले एवं तहसीलों में संवाददाता नियुक्त करना है संपर्क करें...
संपर्क करे- 9425156055
वर्ष-10 अंक-17 www.yuvapradesh.in भोपाल, शुक्रवार 05 जून 2026 ypnews24@gmail.com पृष्ठ-08 मूल्य 2 रूपये

## रिश्वत के लिए उकसाना भी गंभीर अपराध होता है जानिए- CP Act,1988

[Definition of Section 12 of the Prevention of Corruption Act, 1988 ]

आपने अक्सर सुना होगा। आत्महत्या के लिए उकसाना एक गंभीर अपराध होता है। ठीक इसी प्रकार रिश्वत देने के लिए उकसाना भी गंभीर अपराध होता है। सरकारी दफ्तरों में अक्सर इस तरह के अपराध देखे जाते हैं। अधिकारी आपकी फाइल खोलकर भी नहीं देखता। फिर कोई दलाल आपको रिश्वत के लिए उकसाता है। आप को मजबूर कर दिया जाता है कि बिना रिश्वत के आपका काम नहीं हो सकता। ऐसी स्थिति में रिश्वत लेने वाला कर्मचारी अथवा अधिकारी तो दोषी होगा ही लेकिन आपको रिश्वत के लिए उकसाने वाला व्यक्ति भी बराबर का दोषी होगा।



लेखक एडवोकेट बी. आर. अहिरवार (विधिक सलाहकार नर्मदापुरम) 9827737665

भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 12 की परिभाषाः अगर कोई व्यक्ति या लोकसेवक किसी लोकसेवक को रिश्वत देने या लेने के लिए उकसाता हैं या किसी काम या वैध कार्यवाही करने में व्यक्ति को इतना मजबूर कर दे कि वह घूस देने के लिए मजबूर हो जाए तब रिश्वत का दुष्प्रेरण करने वाला व्यक्ति अधिनियम की धारा -12 के अंतर्गत दोषी होगा।

भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 12 के अंतर्गत दण्ड का प्रावधान

यह अपराध असंज्ञेय एवं अजमानतीय होंगे इनकी सुनवाई(विचारण का अधिकार राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किसी विशेष न्यायाधीश के द्वारा किया जाएगा। (अन्य व्यक्ति के लिए प्रथम वर्ग के मजिस्ट्रेट), सजा- इस अपराध के लिए अधिकतम सात वर्ष की कारावास और जुर्माने से दण्डित किया जा सकता है।

नोटः इस धारा में रिश्वत या घूस के लिए उकसाना मात्र भी अपराध होगा अर्थात व्यक्ति द्वारा रिश्वत चाहे दी भी नहीं गई हो।

# मेट्रो रेल यात्रियों की संख्या बढ़ाने के लिए पर्यटन विभाग का लें सहयोग : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### इंदौर और भोपाल मेट्रो रेल परियोजनाओं के हुए दो तिहाई कार्य पूरे

भोपाल।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में भोपाल और इंदौर में मेट्रो रेल संचालन के प्रथम चरण के कार्य पूर्ण होने के बाद परियोजना के आगामी चरणों के कार्य समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। सघन आबादी के क्षेत्रों और कामकाजी नागरिकों की सुगम आवाजाही के लिए मेट्रो रेल व्यवस्था एक वरदान है। प्रदेश की राजधानी भोपाल और प्रमुख व्यवसायिक केन्द्र इंदौर में मेट्रो रेल यात्रियों की संख्या बढ़ाने के लिए पर्यटन विभाग का आवश्यक सहयोग प्राप्त किया जाए। दोनों नगरों की मेट्रो रेल परियोजना के सभी चरणों के सम्पूर्ण कार्यों को तेजी से पूरा किया जा रहा है। समग्र प्रगति की दृष्टि से दोनों परियोजनाओं के दो तिहाई कार्य पूर्ण हो चुके हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय में भोपाल और इंदौर के मेट्रो रेल प्रोजेक्ट कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

नगरीय विकास और आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय और नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन सहित संबंधित वरिष्ठ अधिकारी बैठक में शामिल हुए।

विद्यार्थियों की अध्ययन यात्रा से भी जोड़ें मेट्रो परियोजना को

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर और भोपाल मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र भी बन रहे हैं। प्रमुख धार्मिक केंद्रों, पर्यटन स्थलों, पुरातात्विक धरोहर स्थलों और टाइगर रिजर्व एवं अभयारण्य की सैर के लिए विद्यार्थियों सहित अन्य नागरिकों के लिए प्रबंध होने से मेट्रो रेल का उपयोग बढ़ेगा। इन प्रयासों में




पर्यटन विभाग सहित मध्यप्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद (मेपकास्ट) की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

भोपाल मेट्रो परियोजना

बैठक में बताया गया कि भोपाल मेट्रो रेल परियोजना में फेज-1 में सुभाष नगर से एम्स तक दिसम्बर 2025 से संचालन हो रहा है। इस ट्रेक पर 7.1 किलोमीटर क्षेत्र में 8 एलिवेटेड स्टेशन बनाए गए हैं। फेज्-2 में सुभाष नगर से करोंद चौराहा तक 9.64 से किलोमीटर सेक्शन में कार्य हो रहा है, जो जून 2028 तक पूर्ण होना प्रस्तावित है। इस सेक्शन में 6 एलिवेटेड और दो भूमिगत स्टेशन होंगे। इसी तरह फेज्-3 में भदभदा चौराहा से रत्नागिरी चौराहे तक 14.16 लम्बाई के सेक्शन में कार्य हो रहा है। इस सेक्शन में 13 एलिवेटेड स्टेशन होंगे। यह कार्य भी आने वाले 2 वर्ष में पूर्ण होगा।

इंदौर मेट्रो परियोजना

बैठक में बताया गया कि इंदौर मेट्रो रेल परियोजना में फेज-1 के रीच वन में गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर 3 तक 5.26 किलोमीटर के सेक्शन का शुभारंभ मई 20 25 में हो चुका है। फेज-1 के रीच-2 में सुपर कॉरिडोर 3 से मालवीय नगर चौराहे तक 11.43 किलोमीटर के सेक्शन के कार्य लगभग पूर्ण हो चुके हैं। फेज-2 के अंतर्गत रीच-1 में शहीद बगीचा से खजराना चौराहा तक 1.77 किलोमीटर सेक्शन के कार्य और फेज-2 के ही रीच-2 के एयर पोर्ट से गांधी नगर तक 1.5 किलोमीटर सेक्शन के कार्य जून 2028 तक पूर्ण होंगे। फेज-3 में खजराना चौराहा से एयरपोर्ट के 11.59 किलोमीटर लम्बाई के सेक्शन के कार्य होंगे। बैठक में नगरों में भविष्य में क्रियान्वित किए जाने वाले फ्लाई ओवर निर्माण, मेट्रो रेल और सड़क निर्माण के कार्यों के संबंध में भी चर्चा हुई।

## MV Act, 1988- ठेकेदार सड़क की मरम्मत नहीं करे और दुर्घटना हो जाए, तब उस पर क्या कार्यवाही होगी, जानिए

सड़क का निर्माण किसी भी ठेकेदार द्वारा किया जाता है एवं निर्माण विभाग द्वारा एक परिसीमा तय की जाती है की सड़क की अगर खराबी होती है तब उसकी जबाबदारी होती है की तय सीमा के अंदर सड़क की मरमत समय पर करेगा, तब ठेकेदार की संविदा शर्त का समय समाप्त हो जाता है।

तब प्राधिकृत अधिकारी जिसे केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार नियुक्त करती है उसे सड़क की मरमत, डिजाइन, चिन्हों आदि मापदंड का ध्यान रखना चाहिए जिससे की किसी भी प्रकार की कोई दुर्घटना न हो। लेकिन अगर किसी खराब सड़क के कारण व्यक्ति की मृत्यु हो जाए या घोर उपहति (50%से अधिक निःशक्तता) हो जाए तब ऐसे में किस पर कार्यवाही होगी



लेखक एडवोकेट बी. आर. अहिरवार (विधिक सलाहकार नर्मदापुरम) 9827737665

जानिए।

मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा 198 (क) की परिभाषा

जो कोई प्राधिकारी, संविदाकार(ठेकेदार),या रिसीवर(ग्राही) सड़क डिजाइन, सनिर्माण, मरम्मत एवं रख-रखाव के मानकों (मापदंडों) का अनुपालन करेगा जो नियम केंद्रीय सरकार द्वारा वैध हैं,उनकी जानबूझकर की गई लापरवाही के कारण अगर किसी व्यक्ति की सड़क दुर्घटना से मृत्यु हो जाती है या घोर उपहति के कारण निःशक्त हो जाता है तब प्राधिकारी, ठेकेदार(संविदा शर्त की सीमा के अंदर) या रिसीवर पर एक लाख रुपए जुर्माना एवं उसका जो भी संदाय(भुगतान) आर्थिक क्लेम(दावा) होगा गठित निधि में किया जाएगा।

नोट- संदाय का भुगतान अधिनियम की धारा 164 एवं 164(ख) के नियमों केअधीन किया जाएगा।

## 1998 से सीनियरिटी और छठे वेतनमान की मांग हाईकोर्ट ने गेंद सरकार के पाले में डाली

11 नवंबर 2025 को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने छठे वेतनमान और सीनियरिटी को लेकर दायर याचिका पर अहम आदेश दिया है। जस्टिस मनिंदर एस. भट्टी ने संजय कुमार श्रीवास्तव और अन्य कर्मचारियों की याचिका का निपटारा करते हुए कहा कि कर्मचारी 15 दिन के अंदर सरकार को नया आवेदन दें। सरकार को 90 दिन में उस पर फैसला करना होगा।

**क्या था मामला?:** कर्मचारियों ने मांग की थी कि उनकी सीनियरिटी 1 अप्रैल 2007 की जगह पहली नियुक्ति यानी 1998-99 से मानी जाए। साथ ही 1 जनवरी 2006 से छठे वेतनमान का लाभ और बकाया राशि 12% ब्याज के साथ दी जाए। कर्मचारियों ने 29 दिसंबर 2017 के सरकारी सर्कुलर को रद्द करने की भी मांग की थी।

कोर्ट ने क्या कहा?

कोर्ट ने मामले के गुण-दोष पर कोई टिप्पणी नहीं की। जज ने कहा कि कर्मचारी 15 दिन में संबंधित अधिकारी को आवेदन दें। अधिकारी को इंदौर बेंच के दिनेश कुमार शर्मा बनाम म.प्र. राज्य केस में 3 अप्रैल 2025 को दिए गए फैसले के आधार पर 90 दिन में तर्क सहित आदेश पारित करना होगा।

अब आगे क्या?

अब गेंद सरकार के पाले में है। अगर सरकार इंदौर बेंच के फैसले के आधार पर कर्मचारियों के पक्ष में निर्णय लेती है तो हजारों कर्मचारियों को 1998 से सीनियरिटी और 2006 से छठे वेतनमान का लाभ मिल सकता है।

हाईकोर्ट निर्णय=

WP-26857-2025, फैसला 11 नवंबर 2025 को आया। कर्मचारियों की ओर से एडवोकेट पराग तिवारी और सरकार की ओर से शिखा शर्मा ने पैरवी की।

# बिजुरी ब्लास्ट साइडिंग से उड़ती कोयले की धूल पर बढ़ा आक्रोश, वार्डवासियों ने की प्रभावी कार्रवाई की मांग

**कुमार अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**

अनूपपुर। नगर पालिका बिजुरी के वार्ड क्रमांक 7 में संचालित ब्लास्ट साइडिंग एक बार फिर स्थानीय नागरिकों की शिकायतों के केंद्र में आ गई है। क्षेत्र के रहवासियों का आरोप है कि साइडिंग में होने वाली कोयला लोडिंग एवं परिवहन गतिविधियों के कारण उड़ने वाली धूल अब आसपास के रिहायशी इलाकों तक पहुंच रही है, जिससे लोगों को रोजमर्रा की जिंदगी में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भीषण गर्मी और तेज हवाओं के दौरान कोयले के महीन कण घरों की छतों, आंगनों, पानी की टंकियों और घरेलू उपयोग की अन्य वस्तुओं पर जमा हो रहे हैं। कई परिवारों ने बताया कि खिड़कियां और दरवाजे बंद रखने के बावजूद धूल की समस्या से पूरी तरह राहत नहीं मिल पा रही है। नागरिकों का मानना है कि इस स्थिति का सबसे अधिक असर बच्चों, बुजुर्गों और श्वसन संबंधी परेशानियों से जूझ रहे लोगों पर पड़ रहा है।

धूल नियंत्रण व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

रहवासियों का आरोप है कि साइडिंग क्षेत्र में धूल नियंत्रण के लिए किए जा रहे उपाय पर्याप्त नहीं हैं। उनका कहना है कि पानी के नियमित छिड़काव, कोयले के भंडारण और परिवहन के दौरान अपनाए जाने वाले पर्यावरणीय मानकों का और अधिक प्रभावी तरीके से पालन किया जाना चाहिए, ताकि आसपास के क्षेत्रों में प्रदूषण का प्रभाव कम हो सके।

शिकायतों के बावजूद समाधान का इंतजार



स्थानीय नागरिकों का दावा है कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभागों और अधिकारियों के समक्ष शिकायतें रखी जा चुकी हैं, लेकिन अब तक उन्हें अपेक्षित स्तर पर राहत नहीं मिल सकी है। यही कारण है कि क्षेत्र में असंतोष बढ़ता जा रहा है और लोग प्रशासन से त्वरित हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं।

वार्ड क्रमांक 7 की पार्षद बिमला पटेल ने बताया कि नागरिकों द्वारा किए गए विरोध के बाद मुख्य मार्गों पर पानी का छिड़काव शुरू कराया गया है, लेकिन साइडिंग के अंदरूनी हिस्सों में अभी भी सुधार की आवश्यकता महसूस की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ तो वार्डवासी उच्च अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर आगे की कार्रवाई की मांग करेंगे। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और संबंधित विभागों से मांग की है कि क्षेत्र का निष्पक्ष निरीक्षण कराया जाए, पर्यावरणीय मानकों के पालन की वास्तविक स्थिति की जांच की जाए तथा आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाकर नागरिकों को राहत प्रदान की जाए। फिलहाल क्षेत्रवासियों की निगाहें प्रशासन और संबंधित एजेंसियों की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

## अहिरवार समाज संघ मध्य प्रदेश का प्रांतीय अधिवेशन 14 जून को भोपाल में, अ. स. संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार अहिरवार जी की सभी से अपील




**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**

**भोपाल।** अहिरवार समाज संघ मध्य प्रदेश (पंजीयन क्रमांक 38053/2021) द्वारा आगामी 14 जून 2026 (रविवार) को प्रांतीय अधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार अहिरवार ने संघ की ओर से समाज के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समाजजनों को अधिवेशन में सहभागिता हेतु आमंत्रित किया गया है।

आयोजकों के अनुसार यह अधिवेशन समाज के संगठनात्मक सशक्तिकरण, सामाजिक विकास, शिक्षा, युवा सशक्तिकरण तथा विभिन्न समसामयिक विषयों पर विचार-विमर्श के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रदेश भर से समाज के प्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों के शामिल होने की संभावना है। अधिवेशन का आयोजन आईटीआई सभा कक्ष, गोविंदपुरा, भोपाल (मध्य प्रदेश) में किया जाएगा। कार्यक्रम का समय प्रातः 11॰00 बजे से सायं 4॰00 बजे तक निर्धारित किया गया है। संघ ने समाज के सभी सदस्यों से समय पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

स्थान॰ आईटीआई सभा कक्ष, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.)

दिनांक॰ 14 जून 2026, रविवार

समय॰ प्रातः 11॰00 बजे से सायं 4॰00 बजे तक

## शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में 'पीएम इंटर्नशिप योजना 2026' पर जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**● बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का नाम बदलना स्वतंत्रता संग्राम की विरासत का ● शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में 'पीएम इंटर्नशिप योजना 2026' पर जागरूकता कार्यक्रम संपन्न**



**कुमार अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**

अनूपपुर 04 जून 2026/ पीएमसीओई शासकीय तुलसी महाविद्यालय, अनूपपुर में ÷पीएम इंटर्नशिप योजना 2026÷ विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (PMIS) की विस्तृत जानकारी देना तथा उन्हें उद्योग जगत की व्यावहारिक आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार होने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में प्रो. विनोद कुमार कोल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए योजना के उद्देश्यों, दूरगामी लाभों और इसके माध्यम से मिलने वाले रोजगारोन्मुखी अवसरों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह योजना किताबी ज्ञान और व्यावहारिक कौशल के बीच के अंतर को भरने का एक बेहतरीन माध्यम है। देश की शीर्ष कंपनियों में इंटर्नशिप करने से विद्यार्थियों का न केवल कौशल विकास (Skill Development) होगा, बल्कि भविष्य में उनके लिए रोजगार के द्वार भी खुलेंगे।

सत्र के दौरान तकनीकी विशेषज्ञ डॉ. सूरज पारवानी ने छात्र-छात्राओं को PMIS पोर्टल पर लाइव रजिस्ट्रेशन की संपूर्ण प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से समझाया। उन्होंने ऑनलाइन आवेदन करते समय रखी जाने वाली सावधानियों, आवश्यक दस्तावेजों और प्रोफाइल को प्रभावी बनाने से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. ज्ञान प्रकाश पाण्डेय, डॉ. नीरज श्रीवास्तव, डॉ. बृजेंद्र सिंह, प्रो. शहबाज खान, डॉ. तरन्नुम सरवत एवं श्री गंगेश कुमार सहित समस्त शैक्षणिक स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पर्यावरण दिवस पर भाजपा का 'एक पेड़ मां के नाम अभियान

**विदिशा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है।कार्यक्रम के जिला संयोजक एवं महामंत्री श्री अनिल सोनकर के अनुसार इस अभियान के अंतर्गत विदिशा जिले की पाँचो विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्येक मंडल में वृक्षारोपण अभियान दिनांक 5 जून को चलाया जाएगा । विदिशा में विधायक श्री मुकेश टंडन जी द्वारा अभियान का शुभारंभ माधव उद्यान में प्रातः 8 .30 बजे वृक्षारोपण द्वारा किया जाएगा। जिला मीडिया प्रभारी डा. राहुल जैन ने बताया कि यह अभियान पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं सामाजिक संगठनों के सहयोग से बड़े स्तर पर चलाया जाएगा टोली के सदस्य श्री दीपक खोड़के,श्री जितेंद्र मीणा एवं श्री संतोष शर्मा ने समाज के सभी साथियों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आव्हान किया है।

## प्रशासन का निर्णय सराहनीय, निर्देशों का जमीनी स्तर पर पालन भी सुनिश्चित होः अरुण कुमार अवस्थी

**विदिशा।** जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अरुण कुमार अवस्थी ने निजी स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाने के लिए कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा जारी निर्देशों का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के नाम पर अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डालना उचित नहीं है और प्रशासन का यह कदम जनहित में है। अवस्थी ने कहा कि कुछ निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों को विशेष दुकानों से किताबें और यूनिफॉर्म खरीदने के लिए बाध्य किया जाता था, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ता था। कलेक्टर द्वारा ऐसी प्रथाओं पर रोक लगाने और महंगी निजी प्रकाशकों की पुस्तकों को अनिवार्य नहीं किए जाने के निर्देश सराहनीय हैं। उन्होंने विद्यार्थियों की सुरक्षा संबंधी निर्देशों का भी स्वागत किया। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से कम आयु के विद्यार्थियों के वाहन चलाकर स्कूल आने पर रोक, स्कूल वाहनों की नियमित जांच, ड्राइवरों का सत्यापन, महिला सुरक्षा के लिए आंतरिक परिवाद समिति का गठन तथा फायर सेफ्टी नियमों का पालन सुनिश्चित करना आवश्यक कदम हैं। अवस्थी ने कहा कि बच्चों के बस्तों का बढ़ता वजन भी चिंता का विषय है। निर्धारित मानकों के अनुसार बैग का वजन सुनिश्चित करने के निर्देश विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी साबित होंगे। उन्होंने कहा कि प्रशासन का निर्णय सराहनीय है, लेकिन इसकी सफलता तभी मानी जाएगी जब निर्देशों का जमीनी स्तर पर कड़ाई से पालन सुनिश्चित हो। केवल आदेश जारी कर देना पर्याप्त नहीं है।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा अनूपपुर रेलवे स्टेशन परिसर में निःशुल्क शीतल पेयजल वितरण किया गया

**कुमार गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही छात्र हित के साथ-साद समाज हेतु वशिष्ठ हित में कार्य करते आया है आज उसी क्रम में अनूपपुर के कार्यकर्ताओं द्वारा इस बढ़ती भीषण गर्मी तप्ती, चिलचिलाती कड़ी धूप में दूर दराज से आए हुए रेलवे स्टेशन परिसर में बैठे सभी यात्रियों को निःशुल्क शीतल पेयजल वितरित किया गया ,साथ ही विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं का कहना है कि विद्यार्थी परिषद लगातार अनेकों प्रकार के सामाजिक कार्यों में अपनी सहभागिता रखता है और इस भीषण गर्मी में अभी यह निशुल्क पेयजल वितरण कई दिनों तक चलाया जाएगा। एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने समाज के लोगों से यह भी आग्रह किया है कि लोगों के साथ-साथ बेजुबान पक्षियों व में मवेशियों के लिए अपने घर के बाहर पानी की व्यवस्था जरूर करें ताकि वह पशु पक्षी भी अपनी प्यास बुझा सके ।आज के इस निशुल्क पेयजल व्यवस्था वितरण में प्रमुख रूप से जिला संगठन मंत्री शिवेंद्र चतुर्वेदी लवकुश रौतेल, धीरेंद्र तिवारी,







दीपक गौरीशंकर ,निशि, सिमरन मयंक, चिराग, आदित्य, साक्षी , अंकिता,आकाश, प्रिंस, अंकित,ऐश्वर्य, विवेक रोहित आदि कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रतिभास्थली संस्कार, शिक्षा और चरित्र निर्माण की अद्वितीय प्रयोगशाला : मुनि श्री उद्यम सागर

**विदिशा**

विदिशा स्टेशन जैन मंदिर में आयोजित श्री 1008 श्री शांतिनाथ महामंडल विधान के अवसर पर प्रवचन देते हुए मुनि श्री उद्यम सागर महाराज ने प्रतिभास्थली की दूरदर्शी परिकल्पना और उसके माध्यम से बालिकाओं में संस्कार, शिक्षा एवं अनुशासन के विकास पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुनिश्री ने कहा कि ÷प्रतिभास्थली÷ पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की गहन चिंतन, दूरदृष्टि और समाज निर्माण की भावना का परिणाम है। गुरुदेव कोई भी कार्य जल्दबाजी में नहीं करते थे, बल्कि व्यापक विचार-विमर्श और गंभीर मनन के बाद ही उसे मूर्त रूप देते थे। प्रतिभास्थली केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के चरित्र निर्माण की एक सशक्त प्रयोगशाला है। उन्होंने कहा कि यहाँ बालिकाओं को शिक्षा के साथ-साथ संस्कृति, अनुशासन, आत्मविश्वास और जीवन मूल्यों का प्रशिक्षण दिया जाता है। ब्रह्ममुहूर्त में जागरण, योग, अध्ययन तथा संयमित दिनचर्या उनके व्यक्तित्व को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बच्चों में प्रातःकाल जागने की



आदत, नियमित योग और अनुशासित जीवनशैली उन्हें संस्कारवान बनाने के साथ-साथ शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक रूप से भी सशक्त बनाती है। प्रतिभास्थली की यही विशेषता है कि वहाँ विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है और वे समाज के लिए आदर्श बनकर निकलते हैं। संस्कार, शिक्षा और मर्यादा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मुनिश्री ने कहा कि केवल बच्चों को जन्म देना या उन्हें पढ़ा-लिखा देना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें उत्तम संस्कार देना सबसे अधिक आवश्यक है। संस्कारयुक्त व्यक्ति स्वयं भी श्रेष्ठ जीवन जीता है और समाज को भी सही दिशा प्रदान करता है।

उन्होंने कहा कि आज बच्चों के पालन-पोषण और शिक्षा पर पर्याप्त व्यय किया जाता है। जो परिवार अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने में सक्षम हैं, उनका यह कर्तव्य है कि वे आर्थिक रूप से कमजोर किंतु प्रतिभाशाली बच्चों की शिक्षा में भी सहयोग करें। यदि किसी एक बच्चे को भी ज्ञानार्जन का अवसर मिल जाए तो उसका लाभ केवल उसे ही नहीं, बल्कि पूरे समाज को प्राप्त होता है। बेटियों के भीतर संस्कार और शिक्षा का यह दीपक अनेक जीवनों को प्रकाशित कर सकता है। मुनिश्री ने कहा कि अच्छे संस्कारों का प्रभाव पीढ़ियों तक बना रहता है। जिस व्यक्ति को उत्तम संस्कार मिलते हैं, वह आगे चलकर अपने परिवार और समाज में भी उन्हीं मूल्यों को स्थापित करता है। इसलिए संस्कार निर्माण का कार्य सबसे बड़ा सामाजिक और धार्मिक योगदान है।

उन्होंने आगे कहा कि जीवन में विवेक और मर्यादा का पालन अत्यंत आवश्यक है। धर्म केवल पूजा-पाठ का विषय नहीं है, बल्कि जीवन के प्रत्येक व्यवहार में संयम, शुचिता और सदाचार का पालन करना ही वास्तविक धर्म है। जब व्यक्ति अपने आचरण को शुद्ध बनाता है, तभी उसका जीवन सार्थक और समाज के लिए प्रेरणादायी बनता है। इस अवसर पर मुनि श्री गरिष्ठ सागर महाराज एवं मुनि श्री हीरक सागर महाराज मंचासीन रहे। विधान के सफल आयोजन पर समाज की ओर से विधानाचार्य संजीव भैया कटंगी का सम्मान किया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने उनके द्वारा संपन्न कराए गए विधान की सराहना करते हुए धर्म प्रभावना में उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया कि विधान का समापन संपन्न हुआ। 5 जून को प्रातः 3–30 बजे श्री सकल दिगंबर जैन समाज समिति के तत्वावधान में तीन बसें चंदेरी के लिए रवाना होंगी। समाजजन मुनि श्री अभय सागर महाराज को विदिशा में संघ सहित चातुर्मास हेतु विनयपूर्वक आमंत्रित करेंगे। साथ ही मुनिसंघ गुरुवार प्रातः किला अंदर स्थित बड़े जैन मंदिर की ओर विहार करेगा तथा आहारचर्या भी वहीं से संपन्न होगी।

# श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस के कार्यक्रम में बोले पूर्व लायंस अध्यक्ष अरुण सोनीः ओजस्वी भाषण से स्टाफ में भरा नया जोश



**विदिशा।** विदिशा श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस कंपनी द्वारा स्थानीय होटल वृंदावन में एक भव्य प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष लायन अरुण कुमार सोनी ने अपने ओजस्वी और प्रेरणादायी संबोधन से पूरे बिजनेस एसोसिएट स्टाफ में ऊर्जा का नया संचार किया। उनके प्रभावी मोटिवेशनल स्पीच को सुनकर भोपाल से पधारे प्रादेशिक ब्रांच मैनेजर भी दंग रह गए।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्टाफ का हुआ सम्मान

भोपाल से विशेष रूप से पधारे प्रादेशिक ब्रांच मैनेजर संदीप रावत की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्टाफ की कार्यकुशलता को बढ़ाना और बेहतर प्रदर्शन करने वालों को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के दौरान कंपनी में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले एसोसिएट्स और स्टाफ सदस्यों को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। पूर्व लायंस अध्यक्ष ने दिए निवेश और सफलता के अचूक मंत्र कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व लायंस अध्यक्ष लायन अरुण कुमार सोनी ने स्टाफ को बिजनेस बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण टिप्स दिए। उन्होंने बेहद सरल और व्यावहारिक तरीके से समझाया कि– ग्राहकों से निवेश कैसे कराएं– लोगों की जरूरत को समझकर उन्हें सही जगह निवेश के लिए कैसे प्रेरित करें। स्वयं निवेश का महत्व– एक सफल बिजनेस एसोसिएट बनने के लिए खुद निवेश के गणित को समझना कितना जरूरी है। उनकी इस ओजस्वी और प्रभावशाली स्पीच की सराहना प्रादेशिक ब्रांच मैनेजर संदीप रावत सहित वहां मौजूद सभी अधिकारियों ने की। विदिशा टीम का रहा सराहनीय सहयोग इस गरिमापूर्ण और सफल आयोजन को संपन्न कराने में विदिशा टीम के अरुण दांगी, घनश्याम स्वर्णकार, भावेंदर दुबे सहित सभी सदस्यों का पूर्ण और सराहनीय सहयोग रहा।

## राजनगर ओसीएम में कोयले का बड़ा खेल!

# एसईसीएल कर्मचारियों की मिलीभगत से रोड सेल स्टॉक में रोजाना हो रही 'छंटाई', करोड़ों के नुकसान का आरोप

कुमार अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ

अनूपपुर/राजनगर। एसईसीएल हसदेव क्षेत्र अंतर्गत राजनगर ओसीएम के रोड सेल स्टॉक में कोयले की खुली ÷छंटाई÷ और कथित अवैध खेल का मामला अब गंभीर रूप लेता जा रहा है। आरोप है कि यहां रोजाना प्राइवेट मजदूरों से कोयले के बड़े-बड़े टुकड़ों की अलग छंटाई कराकर चुनिंदा ट्रांसपोर्टरों और कंपनियों को फायदा पहुंचाया जा रहा है, जबकि एसईसीएल को हर महीने करोड़ों रुपए का नुकसान उठाना पड़ रहा है।

सबसे गंभीर आरोप यह है कि यह पूरा खेल बिना कुछ एसईसीएल कर्मचारियों और स्थानीय प्रबंधन की जानकारी के संभव ही नहीं है। सूत्रों के अनुसार यार्ड में ट्रांसपोर्टरों के आदमी खुद खड़े होकर मजदूरों से कोयले की ÷छंटाई÷ करवाते हैं और बाद में बड़े कोयले को अलग वाहनों में भरवाया जाता है। वहीं सामान्य ट्रांसपोर्टरों को डस्टयुक्त और कम गुणवत्ता वाला कोयला थमा दिया जाता है।





÷पैसा दो, अच्छा कोयला लो÷ – यार्ड में चल रहा कथित खेल

स्थानीय ट्रांसपोर्टरों का आरोप है कि जो लोग कथित रूप से अलग से रकम देते हैं, उन्हें बड़े और बेहतर गुणवत्ता वाले कोयले की सप्लाई कराई जाती है। जबकि पैसे नहीं देने वालों के वाहनों में डस्ट और खराब कोयला भर दिया जाता है। यार्ड में ÷लोडिंग सेटिंग÷ और ÷चकू से लोडिंग÷ के नाम पर अवैध वसूली की भी चर्चा जोरों पर है।

मौके से सामने आई तस्वीरें कई सवाल खड़े कर रही हैं। फोटो में साफ दिखाई दे रहा है कि भारी वाहनों के बीच कोयले के बड़े ढेर अलग-अलग किए गए हैं और मशीनों के जरिए चुनिंदा कोयले की लोडिंग की जा रही है। सवाल यह है कि यदि यह सब नियमों के विरुद्ध है तो आखिर जिम्मेदार अधिकारियों की नजर अब तक इस पर क्यों नहीं पड़ी?

करोड़ों का नुकसान, फिर भी चुप्पी क्यों?

जानकारों का कहना है कि यदि रोजाना इसी तरह बड़े कोयले की अलग छंटाई कर निजी कंपनियों को फायदा पहुंचाया जा रहा है, तो इससे एसईसीएल को हर महीने करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हो सकता है। इसके बावजूद अब तक किसी बड़ी कार्रवाई का सामने न आना कई तरह के संदेह पैदा कर रहा है।

मैनेजर ने झाड़ा पल्ला

जब इस पूरे मामले में राजनगर सवेरिया मैनेजर धर्मेंद्र रघुवंशी से बात की गई तो उन्होंने कहा–

> ÷इस तरह की कोई छंटाई नहीं कराई जाती। अगर कोई ऐसा करता पाया गया तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।÷

जीएम बोले – कर्मचारी शामिल मिले तो होगी कार्रवाई

वहीं हसदेव क्षेत्र के जीएम बिश्नोई ने कहा–

> ÷यदि इस तरह की गतिविधियां हो रही हैं तो यह गलत है। अगर इसमें एसईसीएल कर्मचारी शामिल पाए जाते हैं तो निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी।÷

बड़ा सवाल – आखिर किसके संरक्षण में चल रहा पूरा नेटवर्क?

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर राजनगर ओसीएम के रोड सेल स्टॉक में यह पूरा खेल किसके संरक्षण में चल रहा है? यदि मौके पर खुलेआम मजदूरों से कोयले की छंटाई हो रही है, ट्रांसपोर्टरों के लोग मौजूद रहते हैं और बड़े कोयले को अलग वाहनों में भरवाया जा रहा है, तो जिम्मेदार अधिकारी अब तक अनजान कैसे हैं?

यदि एसईसीएल प्रबंधन ने समय रहते निष्पक्ष जांच नहीं कराई तो यह मामला आने वाले दिनों में बड़े कोयला घोटाले का रूप ले सकता है।

# दोनों भवनों का कार्य शासन के निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि आगामी शैक्षणिक सत्र समय पर प्रारंभ हो सके- कलेक्टर श्री यादव

**● कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज एवं सांदीपनि विद्यालय का किया निरीक्षण ● जून अंत तक भवन हैंडओवर करने के निर्देश, गुणवत्ता से समझौता नहीं**

दमोह

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने आज निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज एवं सांदीपनि विद्यालय का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिए कि दोनों भवनों का कार्य शासन के निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि आगामी शैक्षणिक सत्र समय पर प्रारंभ हो सके।



कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि निर्माण कार्य में उपयोग होने वाली सामग्री उच्च गुणवत्ता की होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कई बार भवन निर्माण के बाद विभागों को हैंडओवर तो कर दिया जाता है, लेकिन गुणवत्ता में कमी होने पर शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभागों को बाद में रखरखाव और मरम्मत के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कलेक्टर श्री यादव ने निरीक्षण के दौरान जहां-जहां कमियां पाई, वहां संबंधित एजेंसियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जून माह के अंत तक दोनों भवन संबंधित विभागों को हैंडओवर करने की कार्यवाई सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने कहा कि सांदीपनि विद्यालय के माध्यम से बच्चों को उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य है कि नए शैक्षणिक सत्र से पहले भवन विभाग को मिल जाए, ताकि कक्षाएं समय पर प्रारंभ हो सकें और छात्र-छात्राओं को बेहतर सुविधाओं का लाभ मिल सके। कलेक्टर ने कहा कि एजेंसी द्वारा आश्वस्त किया गया है कि एक ब्लॉक के लगभग 27 कक्षाओं को शीघ्र विभाग को हैंडओवर कर दिया जाएगा तथा शेष भवन जुलाई माह तक पूर्ण कर सौंप दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्य की वास्तविक स्थिति, लंबित कार्यों एवं गुणवत्ता की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि समीक्षा बैठकों में एजेंसी द्वारा जून माह में मेडिकल कॉलेज पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया था। इसी के मद्देनज़र यह देखा गया कि कार्य निर्धारित समय में पूर्ण हो पाएगा या नहीं तथा निर्माण कार्य शासन के मानकों के अनुरूप किया जा रहा है या नहीं। उन्होंने लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज का सत्र समय पर प्रारंभ होना आवश्यक है,

## सभी लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए- राज्यमंत्री श्री लोधी



तेंदूखेड़ा नगर परिषद में विभिन्न विभागों की प्रगति एवं जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों, अधोसंरचना परियोजनाओं, नागरिक सुविधाओं तथा शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान राज्यमंत्री श्री लोधी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से विभागीय कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता, सड़क निर्माण, विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा व्यवस्था, राजस्व प्रकरणों के निराकरण तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई।

उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए तथा आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पारदर्शिता एवं समयबद्ध तरीके से पहुंचे, इसके लिए विभागीय स्तर पर समन्वय और निगरानी बढ़ाई जाए। राज्यमंत्री श्री लोधी ने बैठक में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियमित मैदानी निरीक्षण करने तथा जनता से प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए गए।

# माहवारी को लेकर टूटी झिझक, किशोरियों ने खुलकर पूछे सवाल, विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर रायसेन में आयोजित हुआ जागरूकता संवाद कार्यक्रम

हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता

रायसेन। 30 मई 2026 राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत तथा एफपीएआई संस्था के सहयोग से संचालित राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) के अंतर्गत विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर माता शबरी शासकीय कन्या शाला परिसर, विदिशा रोड रायसेन में जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।






कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों में माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना, स्वास्थ्य संबंधी सही जानकारी प्रदान करना तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाना था। कार्यक्रम में छात्राओं ने खुलकर अपने सवाल रखे और विशेषज्ञों से वैज्ञानिक जानकारी प्राप्त की।

मुख्य वक्ता वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रीति बाला ठाकुर ने कहा कि मासिक धर्म महिलाओं के जीवन की एक स्वाभाविक जैविक प्रक्रिया है, जिसे लेकर समाज में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने किशोरियों को शारीरिक एवं मानसिक परिवर्तनों, संतुलित आहार, आयरन युक्त भोजन तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व की जानकारी दी।

जिला अस्पताल रायसेन के किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाता मिथुन यादव एवं सांची सिविल अस्पताल की परामर्शदाता मृणाली दांगी ने ÷खुलकर पूछें, खुलकर जानें÷ विषय पर संवाद करते हुए माहवारी से जुड़ी सामाजिक कुरीतियों एवं भ्रांतियों पर चर्चा की। उन्होंने सैनिटरी पैड के सही उपयोग, सुरक्षित निपटान तथा संक्रमण से बचाव के उपायों की जानकारी दी।

प्रश्नोत्तर सत्र में छात्राओं ने मासिक धर्म के दौरान होने वाले पेट दर्द, ऐंठन, अनियमित माहवारी, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा विद्यालयीन गतिविधियों में भागीदारी से जुड़े प्रश्न पूछे। विशेषज्ञों ने सभी सवालों के वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक उत्तर देकर उनकी शंकाओं का समाधान किया।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश खत्री, सिविल सर्जन डॉ. यशपाल बाल्यान, आरकेएसके नोडल अधिकारी डॉ. प्रीति बाला ठाकुर, जिला समन्वयक प्रियंका चौहान सहित स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में किशोरियों को राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित 'उमंग ङ्क एडोलेसेंट फ्रेंडली हेल्थ क्लिनिक' की जानकारी दी गई, जहां 10 से 19 वर्ष आयु वर्ग के किशोर-किशोरियों को स्वास्थ्य, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य एवं माहवारी स्वच्छता संबंधी निःशुल्क परामर्श एवं सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं।

### भोपाल में आयोजित होगा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

# मध्य प्रदेश : वैश्विक बौद्ध धरोहर का केंद्र विषय पर देश-विदेश के विद्वान करेंगे मंथन

भोपाल, मध्य प्रदेश।

मध्य प्रदेश की समृद्ध बौद्ध विरासत, सांस्कृतिक धरोहर एवं वैश्विक पर्यटन संभावनाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने के उद्देश्य से दी बुद्धभूमि धम्मदूत संघ, भोपाल (भारत) एवं वीर भारत न्यास (संस्कृति विभाग), मध्य प्रदेश शासन के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 07 जून 2026 को गौरांजनी सभागार, रवीन्द्र भवन, भोपाल में एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है।




## सम्मेलन का विषय है—

मध्य प्रदेश – वैश्विक बौद्ध धरोहर का केंद्र – पुरातत्व, सांस्कृतिक धरोहर, पर्यटन विकास एवं पवित्र अवशेष प्रत्यावर्तन परिप्रेक्ष्य

इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भारत सहित थाईलैंड, श्रीलंका, वियतनाम, कंबोडिया, लाओस , म्यांमार एवं अन्य देशों से प्रतिष्ठित बौद्ध भिक्षु, भिक्षुणी,भारत के 5 राज्यों के भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के विद्वान पुरातत्वविद्, भारत के उद्योगपति, शोधकर्ता विधार्थी , 8 विश्वविद्यालय के कुलपति , नीति-निर्माता, सांस्कृतिक विशेषज्ञ एवं अंतरराष्ट्रीय अतिथि सहभागिता करेंगे।

सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य मध्य प्रदेश के बौद्ध धरोहर स्थलों – साँची, सतधारा, सोनारी, देऊर कोठार,सारुमारू बौद्ध स्तूप उज्जैन की वैश बौद्ध स्तूप एवं अन्य ऐतिहासिक स्थलों – को वैश्विक बौद्ध पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करना तथा प्रदेश में बौद्ध सर्किट के विकास हेतु ठोस सुझाव एवं कार्ययोजना तैयार करना है।

कार्यक्रम में निम्न प्रमुख विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे–

बौद्ध पुरातत्व एवं धरोहर संरक्षण

मध्य प्रदेश में बौद्ध सर्किट निर्माण की संभावनाएँ

बौद्ध पर्यटन एवं अंतरराष्ट्रीय सहयोग

पवित्र अवशेष प्रत्यावर्तन (Repatriation)

सांस्कृतिक कूटनीति एवं वैश्विक बौद्ध संवाद

बौद्ध स्तूपों एवं धरोहर स्थलों का संरक्षण, संवर्धन एवं विकास

युवाओं एवं शोधार्थियों की भूमिका

सम्मेलन के दौरान अंतरराष्ट्रीय बौद्ध धरोहर प्रदर्शनी, सांस्कृतिक संवाद एवं अकादमिक विमर्श का भी आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम के अगले दिन 08 जून 2026 को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों के लिए विशेष बौद्ध धरोहर अध्ययन यात्रा आयोजित की जाएगी, इस के अंतर्गत साँची स्तूप, सतधारा, सोनारी एवं अन्य प्रमुख बौद्ध स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा।

दी बुद्धभूमि धम्मदूत संघ के अध्यक्ष भंते शाक्यपुत्र सागर थेरो ने बताया कि यह सम्मेलन केवल एक अकादमिक आयोजन नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश को वैश्विक बौद्ध धरोहर, सांस्कृतिक संवाद एवं पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक पहल है। सम्मेलन के माध्यम से बौद्ध विरासत संरक्षण, पर्यटन विकास, अंतरराष्ट्रीय सहयोग एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान को नई गति प्राप्त होगी।

उन्होंने प्रदेश एवं देशभर के विद्वानों, शोधार्थियों, सामाजिक संगठनों, युवाओं एवं बौद्ध समुदाय से अधिकाधिक संख्या में सहभागिता करने का आह्वान किया।

### महत्वपूर्ण सूचना

कार्यक्रम में सहभागिता हेतु पूर्व पंजीयन अनिवार्य है।

सभागार की क्षमता सीमित (212 सीटें) होने के कारण केवल पंजीकृत प्रतिभागियों को ही प्रवेश दिया जाएगा।

बिना पूर्व पंजीयन किसी भी व्यक्ति को कार्यक्रम में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

पंजीयन एवं जानकारी हेतु संपर्क
+91 73890 46631
+919009007043
भंते शाक्यपुत्र सागर थेरो,अध्यक्ष
दी बुद्धभूमि धम्मदूत संघ, भोपाल
मध्य प्रदेश, भारत

# भीम आर्मी भारत एकता मिशन की जिला स्तरीय बैठक संपन्न, सैकड़ों कार्यकर्ता रहे उपस्थित



हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता



सिलवानी/रायसेनन्ड्ड भीम आर्मी भारत एकता मिशन की तहसील स्तरीय बैठक सिलवानी में उत्साह एवं जोश के साथ संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राजेश विद्रोही एवं विशेष अतिथि के रूप में गब्बर सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में तहसील एवं जिले के विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता राकेश अंबेडकर द्वारा की गई। इस अवसर पर संगठन की मजबूती, सामाजिक न्याय, शिक्षा, समानता तथा समाज के अधिकारों से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने तथा युवाओं को मिशन से जोड़ने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि राजेश विद्रोही ने अपने संबोधन में संगठन की एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि सामाजिक परिवर्तन के लिए निरंतर संघर्ष और जागरूकता आवश्यक है। वहीं विशेष अतिथि गब्बर सिंह ने कार्यकर्ताओं से समाज हित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। संगठन की विचारधारा एवं आगामी गतिविधियों को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के सफल आयोजन पर राकेश अंबेडकर ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी साथियों का सहयोग सराहनीय है। उन्होंने कहा कि सिलवानी तहसील में इतनी बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति यह दर्शाती है कि भीम आर्मी भारत एकता मिशन की विचारधारा लगातार लोगों तक पहुंच रही है और संगठन सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में प्रभावी कार्य कर रहा है।

# रायसेन जिले के दीवानगंज के छोटे से गांव सेमरी से निकली बेटी ने फतह किया विश्व की सबसे ऊँची चोटी माउंट एवरेस्ट (8848.86 मीटर)

हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता





रायसेन ~ मध्य प्रदेश के रायसेन जिले के ग्राम सेमरी की रहने वाली अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही अंजना यादव ने 27 मई 2026 को सुबह 5~24 बजे विश्व की सबसे ऊँची चोटी माउंट एवरेस्ट (8848.86 मीटर) को सफलतापूर्वक फतह कर देश और प्रदेश का गौरव बढ़ाया। एक साधारण ग्रामीण परिवार से निकलकर एवरेस्ट की चोटी तक पहुँचना उनकी अथक मेहनत, साहस और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। अंजना यादव ने अपने एवरेस्ट अभियान के दौरान केवल पर्वतारोहण ही नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति का भी संदेश दिया। ऑपरेशन सिंदूर के एक वर्ष पूर्ण होने पर उन्होंने पहले 6119 मीटर ऊँची लाबुचे पीक पर ऑपरेशन सिंदूर का बैनर लहराकर भारतीय सेना के शौर्य और बलिदान को नमन किया था। इसके बाद उन्होंने विश्व की सबसे ऊँची चोटी माउंट एवरेस्ट पर भी ऑपरेशन सिंदूर का बैनर फहराकर देशवासियों तक राष्ट्रप्रेम और वीर सैनिकों के सम्मान का संदेश पहुँचाया।

अंजना यादव ने अपने अभियान के माध्यम से ÷फिट इंडिया, हिट इंडिया÷ का संदेश देते हुए लोगों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की। साथ ही उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए ÷माँ के नाम एक पेड़÷ अभियान का संदेश भी दिया और सभी नागरिकों से अपनी माता के सम्मान में कम से कम एक पौधा लगाने का आग्रह किया।

अंजना यादव ने अपनी इस ऐतिहासिक सफलता का श्रेय मध्यप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रोत्साहन, सहयोग एवं मार्गदर्शन को देते हुए उनका विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के समर्थन और शुभकामनाओं ने उनके इस कठिन एवरेस्ट अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने यह भी कहा कि पूरे भारतवर्ष का आशीर्वाद, शुभकामनाएँ और प्रेम उनके साथ था, जिसकी बदौलत वे इस चुनौतीपूर्ण अभियान को सफलतापूर्वक पूरा कर सकीं। अंजना यादव ने देशवासियों, अपने परिवार, पति, माता-पिता, मित्रों, समर्थकों तथा उन सभी लोगों का हृदय से धन्यवाद व्यक्त किया जिन्होंने हर कदम पर उनका उत्साहवर्धन किया।

अंजना यादव ने कहा कि यह उपलब्धि देश, प्रदेश, परिवार, समर्थकों और उन सभी लोगों को समर्पित है जिन्होंने उनके सपनों को साकार करने में सहयोग दिया। उनकी यह सफलता विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों की बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी है। एवरेस्ट विजय के बाद अंजना यादव 1 जून 2026 को भारत वापस लौट रही हैं, जहाँ उनके भव्य स्वागत की तैयारियाँ की जा रही हैं। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि मजबूत इरादों और निरंतर प्रयास से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# महिलाएं स्वास्थ्य के प्रति रहें सजग राज्यपाल के जन्म दिवस पर लोकभवन में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश




राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि स्वस्थ समाज एवं परिवार के लिए महिलाओं का स्वस्थ होना बहुत जरूरी है। उन्होंने महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि महिलाएँ अपनी व्यस्त जीवन शैली में अपने स्वास्थ्य की चिंता करें। नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए समय निकाले। संतुलित आहार, योग और व्यायाम को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं।राज्यपाल सोमवार को लोक भवन में आयोजित स्वास्थ्य शिविर शुभारंभ अवसर पर संदीपनि सभागार में उपस्थित महिलाओं से चर्चा कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने महिलाओं को स्वच्छता किट प्रदान की। संदीपनि सभागार और सिविल डिस्पेंसरी में आयोजित स्वास्थ्य शिविरों का अवलोकन किया। राज्यपाल के जन्म दिवस के अवसर पर लोक भवन में सोमवार को स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया था। अस्थिरोग संबंधी चिकित्सकीय जाँच के लिए बोन मिनरल डेनसिटी जाँच और परामर्श शिविर का सिविल डिस्पेंसरी में तथा एच.पी.व्ही. और महिला स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जागरूकता के लिए चिकित्सकीय परामर्श सत्र सांदीपनि सभागार में आयोजित किया गया था।

# पेट्रोल पंप प्रकरण से उपभोक्ताओं में भय, गुणवत्ता एवं माप की जांच की मांग तेज



ब्यौहारी, शाहडोल/कैलाश कुमार अहिरवार - सह संपादक (युवा प्रदेश)

शहडोल - ब्यौहारी क्षेत्र में पेट्रोल पंप पर हुई कथित मारपीट की घटना के बाद आम उपभोक्ताओं में चिंता और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। क्षेत्र के सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों एवं उपभोक्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। उपभोक्ताओं का कहना है कि घटना के बाद कई लोग संबंधित पेट्रोल पंप पर वाहन में ईंधन भरवाने से कतरा रहे हैं। उनका मानना है कि ग्राहकों के साथ सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित किया जाना चाहिए तथा ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए। क्षेत्र के नागरिकों ने यह भी मांग उठाई है कि संबंधित पेट्रोल पंप की ईंधन गुणवत्ता एवं माप प्रणाली की जांच कराई जाए। उपभोक्ताओं का आरोप है कि समय-समय पर पेट्रोल की गुणवत्ता तथा निर्धारित मात्रा से कम ईंधन दिए जाने संबंधी शिकायतें सामने आती रही हैं। इसलिए पेट्रोल एवं डीजल की गुणवत्ता की प्रयोगशाला जांच, माप-तौल विभाग द्वारा मशीनों की जांच तथा सीसीटीवी फुटेज का परीक्षण कराया जाना आवश्यक है।



सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए संपूर्ण मामले की पारदर्शी जांच कराई जाए तथा जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए, जिससे आम जनता का विश्वास बना रहे।

इस संबंध में ज्ञापन सौंपे जाने पर एसडीएम ब्यौहारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया है कि प्राप्त शिकायतों एवं मांगों के संबंध में तीन दिनों के भीतर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। अब क्षेत्रवासियों की निगाहें प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

ऊंचा कुल के दावा करइया,
नीच करम के सैतान देख लो।
गली-गली किंजरत हे अइसन,
हो जाओ सावधान देख लो।।
इंखर साधु भेस देख के,
अंधभक्ति मा झन मातव।
बहु-बेटी ला बचा के राखव,
पापी के तलुवा झन चांटव।।
लक्ष्मी नारायण कुम्भकार सचेत
दुर्ग (छ0ग0)



# कांग्रेस को देवरी में बड़ा झटका: मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राज 'संजू बाबा' ने सभी पदों से दिया इस्तीफा

हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता

देवरी। देवरी ब्लॉक के गोरखपुर मंडल से कांग्रेस पार्टी को उस समय बड़ा झटका लगा जब लंबे समय से संगठन से जुड़े वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राज 'संजू बाबा' ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता सहित सभी पदों से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपना त्यागपत्र देवरी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लोकनारायण रघुवंशी को भेजकर स्वीकार करने का अनुरोध किया है।



वीरेंद्र सिंह राज ने अपने त्यागपत्र में स्पष्ट किया है कि वे कांग्रेस पार्टी से संन्यास ले रहे हैं और वर्तमान में किसी भी अन्य राजनीतिक दल में शामिल होने का उनका कोई विचार नहीं है। उन्होंने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे फिलहाल सक्रिय राजनीति से दूरी बनाना चाहते हैं।

गोरखपुर क्षेत्र के राजघराने से संबंध रखने वाले वीरेंद्र सिंह राज को कांग्रेस के पुराने और समर्पित कार्यकर्ताओं में गिना जाता है। संगठन में उन्होंने विभिन्न जिम्मेदारियां निभाई और चुनावी अभियानों में सक्रिय भूमिका अदा की। पार्टी के कठिन दौर में भी वे संगठन के साथ मजबूती से खड़े रहे और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को जोड़ने का कार्य करते रहे।

हालांकि उनके इस्तीफे के पीछे के वास्तविक कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सके हैं। राजनीतिक गलियारों में इसे संगठन के कुछ पदाधिकारियों से मतभेद या बदलते राजनीतिक समीकरणों से जोड़कर देखा जा रहा है, लेकिन स्वयं वीरेंद्र सिंह राज का कहना है कि उनका किसी अन्य दल में जाने का फिलहाल कोई इरादा नहीं है।

# स्टूडेन्ट्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया (एसएफआई) द्वारा भोपाल में राज्य स्तरीय धरना

भोपाल/ 01 जून 2026

स्टूडेन्ट्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया (एसएफआई) द्वारा भोपाल में राज्य स्तरीय धरना नीलम पार्क में किया गया। इस धरने के बाद 14 सूत्रीय मांगो का ज्ञापन राज्यपाल महोदय को सौंपा गया। इस कार्रवाई में प्रदेश भर से सैकड़ो छात्र छात्रायें शामिल रहे।

धरने को मुख्य रूप से एसएफआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष जाखड़ ने सम्बोधित करते हुये कहा कि आज केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार शिक्षा विरोधी एजेण्डे को लागू कर रही है। मध्यप्रदेश में लगातार सरकारी स्कूल बन्द हो रहे है वही स्कूलो में खाली शिक्षको के पदो को भरा नही जा रहा है। लगातार बेरोजगारी का स्तर बढ़ता जा रहा है। छात्रों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है । गरीबों किसानों के बच्चे शिक्षा से दूर होते जा रहे है। एसएफआई के राज्य सचिव अजय तिवारी ने सरकार द्वारा शिक्षा पर किये जा रहे हमले का विरोध किया। धरने को एफएफआई के राज्य अध्यक्ष राजवीर धाकड़, प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक पासवान ने भी सम्बोधित किया। एसएफआई के अन्य नेतागण सोनू, अभिषेक, पार्वती ने भी धरने को सम्बोधित किया। धरने को सीटू के प्रदेश अध्यक्ष पूषन भट्टाचार्य ने भी समर्थन किया।






राज्यपाल को प्रस्तुत ज्ञापन के माध्यम से एसएफआई ने छात्र संघ चुनाव बहाल करने, सरकारी स्कूलों के बंद व मर्ज करने पर रोक लगाने, छात्रो को पब्लिक ट्रांसपोर्ट सुविधा मुहैया कराने, रुकी हुई छात्रवृत्ति जारी करने, छात्रावासों की संख्या बढ़ाये जाने, निजी शिक्षण संस्थानों की मनमानी पर रोक लगाने, फीस वृद्धि पर रोक लगाने, प्रोफेसरो व शिक्षकों की तत्काल भर्ती करने आदि मांग की है। अन्त में छात्रों और छात्र नेताओं द्वारा जोरदार नारेबाजी करते हुये आने वाले दिनों में प्रदेश भर में आंदोलन तेज करने का संकल्प भी पारित किया।

# नदियों के उद्गम स्थलों को स्वच्छ और सुरक्षित रखना चाहिए ये हम सभी का कर्तव्य

रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश

पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि माँ नर्मदा केवल आस्था की प्रतीक नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों के जीवन और अस्तित्व का आधार हैं। हमारी नदियों के उद्गम स्थलों को स्वच्छ, सुरक्षित और समृद्ध बनाए रखने में प्रत्येक नागरिक को अपना बहुमूल्य योगदान देना चाहिए। मंत्री पटेल ने यह विचार अमरकंटक धाम स्थित माँ नर्मदा नदी के पावन उद्गम स्थल पर 29 से 31 मई तक आयोजित इस विशेष स्वच्छता अभियान में श्रमदान के दौरान व्यक्त किये। मंत्री श्री पटेल ने विशेष बल देते हुए कहा कि नदियों का संरक्षण केवल धार्मिक दायित्व नहीं, बल्कि



भविष्य की पीढ़ियों के सुरक्षित जीवन का आधार है, क्योंकि यदि आज हम जल स्रोतों और उद्गम स्थलों को संरक्षित करेंगे, तभी आने वाली पीढ़ियाँ जल संकट से बच सकेंगी। उन्होंने स्वयं उपस्थित होकर जनभागीदारी के साथ सक्रिय रूप से श्रमदान किया। %मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन% एवं %निर्विकार पथ% के सेवाभावी कार्यकर्ताओं के सहयोग से संचालित इस अभियान में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, श्रद्धालुओं और सामाजिक संगठनों ने हिस्सा लिया। सभी ने मिलकर उद्गम और कुण्ड क्षेत्र की स्वच्छता, संरक्षण तथा सेवा कार्यों में अपना योगदान दिया, जिससे यह अभियान क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का एक बड़ा माध्यम बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि %जल गंगा संवर्धन अभियान% के माध्यम से पूरे प्रदेश में जल संरचनाओं के पुनर्जीवन, नदियों की स्वच्छता और जनजागरण के कार्यों को व्यापक गति मिली है। अमरकंटक में माँ नर्मदा के उद्गम स्थल पर किया गया यह श्रमदान उसी पर्यावरण-संरक्षण के संकल्प का जीवंत उदाहरण है, जो समाज में सकारात्मक चेतना का संचार करेगा और जनसहभागिता से जल संरक्षण के इस प्रयास को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा।

# श्रमिकों के बच्चों के लिए निःशुल्क आवासीय प्रवेश शुरू, 30 जून तक आवेदन आमंत्रित



रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश

मध्यप्रदेश भवन एवं संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों के लिए भोपाल स्थित श्रमोदय आदर्श आई.टी.आई. में शैक्षणिक सत्र 2026 के लिए निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। भारत सरकार से एनसीवीटी (NCVT) मान्यता प्राप्त इस संस्थान में प्रवेश के इच्छुक आवेदक 30 जून 2026 तक ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं। इसके साथ ही 1 जून से 30 जून 2026 के मध्य चॉइस फिलिंग की सुविधा उपलब्ध रहेगी। संस्थान में चयनित होने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण अवधि के दौरान निशुल्क हॉस्टल और भोजन की सुविधा भी दी जाएगी। इस प्रवेश प्रक्रिया में भाग लेने के लिए 8वीं और 10वीं पास अभ्यर्थी संस्थान में संचालित आठ अलग-अलग ट्रेडों के लिए पात्र हैं। इच्छुक उम्मीदवार अपने नजदीकी कियोस्क सेंटर के माध्यम से पंजीयन और चॉइस फिलिंग की प्रक्रिया आसानी से पूरी कर सकते हैं, तथा प्रवेश से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए आधिकारिक पोर्टल www.dsd.mp.gov.in पर भी विजिट कर सकते हैं। इलेक्ट्रीशियन और वेल्डर ट्रेड के लिए 20-20 सीटें निर्धारित हैं। इसके अलावा टेक्नीशियन मेकाट्रोनिक्स, एडवांस सी.एन.सी. मशीनिंग टेक्नीशियन, सिविल इंजिनियर असिस्टेंट, आई.ओ.टी. (स्मार्ट सिटी), फैशन डिज़ाइन एंड टेक्नोलॉजी और इंटीरियर डिज़ाइन एंड डेकोरेशन प्रत्येक ट्रेड में 24-24 सीटें उपलब्ध हैं। संस्था के संबंध में अधिक जानकारी प्राप्त करने या ऑनलाइन आवेदन में किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या होने पर आवेदक हेल्पलाइन नंबर 9424454453 और 9826947798 पर संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

# ललित लोधी को मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का देवरी ब्लॉक अध्यक्ष एवं विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया गया

हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता

देवरी। ललित लोधी को मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ ब्लाक देवरी का अध्यक्ष बनाए जाने पर माननीय पूर्व विधायक देवेंद्र पटेल एवं ब्लॉक अध्यक्ष गरुण लोक नारायन रघुवंशी की अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष देवेंद्र पटेल द्वारा विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए जाने पर प्रदेश नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ,पूर्व सांसद माननीय रामेश्वर नीखरा ,डॉक्टर देवेंद्र धाकड़ ,ठाकुर रणजीत सिंह एवं जिला अध्यक्ष देवेंद्र पटेल का आभार व्यक्त किया।

बधाई देने वालों में ठाकुर वीरेंद्र सिंह ,चौधरी बलवंत सिंह ,घनश्याम खजुरिया ,प्रताप सिंह लोधी ,परसोत्तम रघुवंशी ,तोणल सिंह लोधी ,परसोत्तम लोधी वकील साहब ,गोविंद वरसैया ,रमेश सोनी ,रघुनाथ खजुरिया ,इरशाद भाई ,मुकेश शर्मा नगर अध्यक्ष देवरी ,शरदवरसैया ,जितेंद्र मुकदम ,अशोक सौमिया ,रामबाबू शर्मा ,बाबूलाल बुनकर ,नरेंद्र लोधी ,महिपाल गंगोलिया ,बबलू रघुवंशी ,संजू गुप्ता ,पंकज महेश्वरी ,विष्णु टणैया ,दिनेश चौरसिया ,नरेंद्र छिपा ,मनोज चौरसिया ,आबिद भाई ,जाहिद अली ,लाईकभाई ,अयाज भाई ,माजिद भाई ,कल्लू



पठान ,विनोद श्रीवास्तव ,राजेश रघु ,रामकुमार रघु ,रज्जू गुप्ता ,राधेश्याम कहार ,घनश्याम कहार ,मंगल छिपा ,अजय गुप्ता ?दिनेश बघेल ,गोटी राम बघेल ,बृजेश रघु ,पवन नेता ,बबलू फौजदार ,संदीप रघुवंशी ,बबलू करहिया, रामविलाश शर्मा ,अनुराग रघुवंशी ,नितेश अवसथी ,कार्तिक रघुवंशी ,बृजेश वालोटिया ,रितेश जैन ,सानिध्य रघुवंशी ,कल्पित जैन ,दिनेश पलौरिया ने बधाइयां दी।

# संगठन मजबूती के संकल्प के साथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हरई की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

**हरई।**
ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हरई की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आज उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।बैठक में आगामी संगठनात्मक गतिविधियों, सदस्यता अभियान तथा बूथ स्तर तक कांग्रेस संगठन को मजबूत करने को लेकर व्यापक चर्चा की गई।*







बैठक के मुख्य अतिथि विधानसभा प्रभारी लाखन सिंह पटेल रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक तिवारी, पर्यवेक्षक प्रशांत शर्मा, जिला आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष रामनारायण परतेती, जिला कांग्रेस प्रवक्ता चंद्रदीप ठाकुर उपस्थित रहे।

बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामजी उईके ने की। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार ठाकुर, ब्रजभान कमरे, नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रेम साहू, जनपद अध्यक्ष कंचना उईके, किसान कांग्रेस अध्यक्ष धरमलाल यादव, डॉ. विजय नामदेव, सेवादल अध्यक्ष धनीराम भलावी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सविता बरकड़े, पदमा डेहरिया, राजकुमारी उईके, क्षेत्रीय अध्यक्ष तुलसीराम उईके, राजाराम परतेती, नारायण इनवाती, भागचंद धुर्वे, ओमसी भलावी, सलीम खान, तालीम खान, कलशराम धुर्वे, रामकुमार सरेआम, उमाशंकर साहू, अशोक ठाकुर उमेश यादव, अक्षय उईके, अब्दुल मंसूरी, मंशलाल यादव, प्रकाश यादव, मनीष साहू, बलराम श्रीवास, बखतलाल अहके, नीलेश उईके, संजू यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान कांग्रेस परिवार में शामिल होने वाले नए सदस्यों मुकेश कुमार बन्देवार, बाबू सिंगोतिया (सेवानिवृत्त लाइनमैन) तथा सतीश डहरिया का कांग्रेसजनों ने स्वागत किया और उन्हें संगठन की सदस्यता दिलाई गई।

मुख्य अतिथि लाखन सिंह पटेल ने कहा कि कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने प्रत्येक कार्यकर्ता से गांव-गांव और घर-घर पहुंचकर पार्टी की नीतियों एवं जनहितकारी विचारों को आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया।

वरिष्ठ नेताओं ने जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशों से कार्यकर्ताओं को अवगत कराते हुए आगामी समय में बूथ कमेटी, पंचायत कमेटी, मंडलम समिति एवं ब्लॉक समिति को सक्रिय और मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि मजबूत संगठन ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है और सभी पदाधिकारियों को संगठन विस्तार के लक्ष्य को प्राथमिकता देते हुए कार्य करना होगा।

बैठक में आगामी कार्यक्रमों, सदस्यता अभियान तथा जनसंपर्क गतिविधियों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई। अंत में संगठन को मजबूत बनाने और कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का सामूहिक संकल्प लिया गया।

बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन संगठन की मजबूती और एकजुटता के संदेश के

# मगरमच्छ की वीडियो वायरल कर सुर्खियां बटोरने वाले व्यक्ति को एसटीएसएफ ने दबोचा

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**

मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स, मध्यप्रदेश द्वारा डिजिटल प्लेटफार्म पर वन्यजीव से संबंधित अवैधानिक वीडियो बनाकर वायरल करने वाले व्यक्ति पर कड़ी कार्यवाही की गई। एसटीएसएफ ने सोशल मीडिया एप्लीकेशन, इंस्टाग्राम पर अनुसूची-1 में दर्ज वन्यजीव मगरमच्छ को पकडने, अवैध तरीके से अपने कब्जे में रखने, उसके साथ छेडछाड़ करने, उसको उठाकर पटकने, घसीटने का वीडियो बनाकर सुर्खियां प्राप्त करने एवं अपने फॉलोवर बढ़ाने के उद्देश्य से अपलोड कर वायरल कर दिया गया। इसके संबंध में स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मध्यप्रदेश द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर जांच कर, उक्त शरारती व्यक्ति के संबंध में और अधिक जानकारी प्राप्त कर उसे मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले के होने की पुष्टि हुई। एसटीएसएफ की क्षेत्रीय इकाई शिवपुरी एवं वनमंडल शिवपुरी के वन अमले द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए ग्राम गरेठा तहसील पिछोर से 2 आरोपीयों को अभिरक्षा में लिया गया। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि ग्राम गरेंठा से लगी बुधना नदी में बिजली का करंट लगाकर मगरमच्छ को मारने का प्रयास करना स्वीकारा एवं यह भी बताया कि वह मछली मारने के लिए निरंतर विद्युत करंट का उपयोग करता है, जिससे मगरमच्छ भी चपेट में आ जाते है। पूछताछ में इंस्टाग्राम में अपलोड वीडियो में दिखाये जा रहे कंटेंट संबंधी अपराध को स्वीकारा। इसके उपरांत दोनों व्यक्तियों पर वन मंडल शिवपुरी द्वारा वन अपराध प्रकरण 2 जून 2026 वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं में पंजीबद्ध किया गया। विधिवत कार्यवाही के उपरांत दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय पिछोर जिला शिवपुरी म.प्र. के समक्ष पेश किया गया। वन्यजीव मगरमच्छ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की अनुसूची-1 में आता है, जिसको मारना या छेडछाड़ करने का कृत्य गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है, जिसके लिये न्यूनतम 3 वर्ष एवं अधिकतम 7 वर्ष की सजा का प्रावधान है। उक्त दोनों व्यक्तियों के द्वारा वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 का उल्लंघन किया गया है। उक्त कृत्य के संबंध में आम नागरिकों को भी सूचित किया गया है कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सुर्खियां बटोरने के लिये निरीह वन्यजीवों के साथ छेडछाड न की जाये और न ही उनके साथ कोई अमानवीय कृत्य किया जाये।




# रायसेन में खेल प्रशिक्षण संस्थान एवं रोप-वे निर्माण को लेकर डॉ. प्रभुराम चौधरी ने की उच्चस्तरीय चर्चा



**रायसेन।** साँची विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रभुराम चौधरी जी ने रायसेन मुख्यालय पर प्रस्तावित शारीरिक खेल प्रशिक्षण संस्थान की स्वीकृति के संबंध में स्कूल शिक्षा मंत्री श्री राव उदय प्रताप सिंह जी एवं उप सचिव श्री प्रमोद सिंह से भेंट कर विस्तृत चर्चा की।

डॉ. चौधरी ने बताया कि शारीरिक खेल प्रशिक्षण संस्थान की स्वीकृति अभी तक प्राप्त नहीं हो सकी है। इस महत्वपूर्ण विषय पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों से चर्चा करते हुए प्रकरण को शीघ्र स्वीकृति दिलाने का आग्रह किया। अधिकारियों द्वारा आश्वस्त किया गया कि आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर मामले का शीघ्र निराकरण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त डॉ. चौधरी ने रायसेन मुख्यालय पर प्रस्तावित रोप-वे निर्माण परियोजना के संबंध में मध्यप्रदेश शासन के पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव श्री इलेया राजा टी. से भी भेंट कर चर्चा की। प्रमुख सचिव ने जानकारी दी कि रोप-वे निर्माण के लिए चयनित स्थल को आर्कियोलॉजिकल विभाग से सैद्धांतिक स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। साथ ही तकनीकी एवं निर्माण संबंधी अंतिम स्वीकृतियों के लिए केंद्र सरकार से आवश्यक समन्वय किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी औपचारिकताएँ पूर्ण होने के बाद रायसेन रोप-वे परियोजना का कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाएगा, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं विकास के नए अवसर सृजित होंगे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड, तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)